राज्यपाल सचिवालय,
राजभवन, जयपुर

पुलिस दिवस

राजस्थान पुलिस को राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 16 अप्रेल । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पुलिस दिवस पर प्रत्येक पुलिसकर्मी और उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कहा है कि विपरित परिस्थितियों में पुलिस ने सेवा भाव से कार्य करके कानून व व्यवस्था को मजबूत बनाये रखा है।

राज्यपाल ने कहा कि कोविड–19 में पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। पुलिस ने कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान समर्पण भाव से धैर्य रखकर कार्य किया है। श्री मिश्र ने कहा कि पुलिस का कार्य प्रशंसनीय है और स्तुत्य है।

राज्यपाल ने कहा कि चिकित्साकर्मी की भांति पुलिस ने भी कोविड–19 से प्रदेश को उबारने के लिए बेहतरीन कार्य किया है। लोगों के विरोध को धीरज पूर्वक झेलते हुए लोगों की भलाई के लिए कार्य किया है, जिसके लिए राज्य के प्रत्येक पुलिस अधिकारी सहित प्रत्येक पुलिसकर्मी साधुवाद का पात्र है।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,
सहायक निदेशक, जनसम्पर्क,
राज्यपाल, राजस्थान